an>

Title: Need to take urgent steps to curb criminal activities by gangs of dacoits active in Banda Parliamentary Constituency.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : माननीय सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट में काफी समय से डकैतों का प्रभाव रहा है।...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा इनामी डकैत बलखड़िया मेरे ही संसदीय क्षेत्र का निवासी है और यह वहां बहुत ही सक्रिय है।...(व्यवधान) इसके अलावा छोटे-छोटे दर्जनों ऐसे डाकू गैंग हैं जो आये दिन क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के ठेकेदारों से जबरन धन वसूली, फिरौती एवं हत्याएं कर रहे हैं।...(व्यवधान) केन्द्र सरकार की अधिकतर विकास योजनाएं इन डकैत गिरोहों के कारण बन्द पड़ी हैं।...(व्यवधान)

अभी पिछले दिनों ही बलखड़िया गैंग द्वारा मानीकपुर थानान्तर्गत एक पकड़ की गयी।...(व्यवधान) उसके ठीक दूसरे दिन डकैत गौरी यादव गैंग द्वारा तमाम लोगों को पकड़कर उन से जबरन वसूली की गयी है। क्षेत्र में चलने वाले स्टोन क्रेशर एवं मिल मालिकों से बाकायदा माहवार धन वसूली की जाती है। यदि उन्हें चाही गयी रक़म नहीं मिलती है तो वहां काम बन्द करवा दिया जाता है। ये गिरोह चुनाव प्रक्रिया को भी प्रभावित करते हैं।

चित्रकूट जिले के आदिवासी बहुल गांव ददरी, मड़ईयन, रूकमा, सोसाइटी कोलान, मारकुंडी, बहिलपुरवा, टिकरिया, सकरउवां, चमरउवां, मानपुर, बंदरी, खमरिहा, सिलखोरी, घुरेटनपुर, अनुसूइया आश्रम और सीमावर्ती मध्य प्रदेश के थरपहाड़, टिकरी, नरही तथा बांदा जिले के दस्यु प्रभावित क्षेत्र महुई, कुलसारी, गोबरी, पियार, कारूबाबा, सन्तूपुर, नीबी, बेरौना, संग्रामपुर, बघेलाबारी आदि में दस गिरोहों का बड़ा भारी आतंक है। यहां तक कि गांव के लोगों को 35 मटका पानी, क्योंकि उस गैंग में 35 लोग हैं, इसलिए प्रति व्यक्ति एक-एक मटका पानी भिजवाना पड़ता है।

अस्तु इस लोक महत्व के विषय पर सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए मैं भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग करता हूं ताकि जनमानस को राहत मिल सके।

माननीय सभापति : श्री राम कृपाल यादव।

â€¦(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : महोदय, मुझे बस एक सेन्टेन्स बोलने दीजिए।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: The Minister for Parliamentary Affairs has already stated on the floor of the House that we have to first complete Matters under Rule 377. ...(*Interruptions*)